## सार-समाचार

### महिला सुरक्षा फाउंडेशन जिला कार्यकारिणी का विस्तार

**बीकानेर( निसं )।** महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा के क्षेत्र में कार्यरत महिला सुरक्षा फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बीकानेर जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्पिता गुप्ता की अनुशंसा पर नई टीम का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में नीति शर्मा को जिलाध्यक्ष, श्वेता कोठारी को उपाध्यक्ष, मीनाक्षी चौहान को संगठन मंत्री, प्रिया भार्गव को महासचिव, ज्योति खत्री को कोषाध्यक्ष, खुशबू कोठारी को संयुक्त महासचिव तथा खुशबू खथूरिया को डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज नियुक्त किया गया है।संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. किशन गोयल ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं और संगठन के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्पिता गुप्ता ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को हिंसा, उत्पीड़न और भेदभाव से बचाते हुए उन्हें सुरक्षित,सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन प्रदान करना है। संस्था महिलाओं के कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने तथा स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्यरत है। इस अवसर पर सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को नारी सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। सभी ने समाज में नारी सम्मान और समान अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### पुलिस स्टेशन के बाहर ग्रामीणों का प्रदर्शन

**श्रीगंगानगर,( निसं )।** जिले के घमुड़वाली थाना क्षेत्र में बिगड़ती कानून व्यवस्था के आरोप ग्रामीणों ने पुलिस स्टेशन के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया। ग्रामीण धरना लगाकर थाने के बाहर बैठ गए और नारेबाजी की। इसी बीच घमुड़वाली एसएचओ को हटाने की मांग भी उठी। ग्रामीणों का आरोप है कि एसएचओ आमजन को अनावश्यक परेशान कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरियों और नशे के कारोबार पर भी पुलिस की नाकामी को लेकर गहरा आक्रोश जताया। प्रदर्शनकारियों ने कहा- थानाधिकारी की मनमानी से गांव में माहौल खराब हो रहा है असामाजिक तत्व खुलेआम घूम रहे हैं और नशा तस्करी पर कोई अंकुश नहीं। ग्रामीणों द्वारा धरना-प्रदर्शन की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश की। वहीं, ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। ग्रामीणों का घमूड़वाली पुलिस स्टेशन के बाहर धरना-प्रदर्शन जारी है।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**नाल,( निसं )।** यहा थाना क्षेत्र में जैसलमेर नेशनल हाईवे पर शुक्रवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे स्थानीय विधायक जेठानंद व्यास ने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई। उन्होंने घायल की मदद के लिए तत्काल कदम उठाए। जानकारी के अनुसार, यह हादसा कार और बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत के कारण हुआ। टक्कर के बाद बाइक सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गया था। विधायक व्यास ने अपने स्टाफ के साथ मिलकर घायल को संभाला और बिना किसी देरी के उसे ट्रॉमा सेंटर अस्पताल पहुंचाया। समय पर अस्पताल पहुंचने से घायल को तत्काल उपचार मिल सका, जिससे उसकी जान बच गई। प्रत्यक्षदशिर्यों के अनुसार, यदि थोड़ी भी देर होती तो घायल की स्थिति गंभीर हो सकती थी।

### गोपाल मंदिर के सामने तोड़फोड़ की घटना, ग्रामीणों में आक्रोश

**नापासर,( निसं )।** यहा नए वार्ड नंबर 11 स्थित गोपाल जी मंदिर के सामने पशु-पक्षियों के लिए बनाए गए चबूतरे को असामाजिक तत्वों द्वारा बार-बार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। भामाशाहों द्वारा निर्मित यह चबूतरा बेजुबान जीवों के दाना-पानी की व्यवस्था के लिए बनाया गया था। स्थानीय निवासी गोपाल मूंधड़ा ने बताया कि यह चबूतरा मजबूत लोहे के पाइपों से तैयार किया गया था और पानी के लिए पालसियां भी लगाई गई थीं। अज्ञात लोग रात के समय योजनाबद्ध तरीके से इसे तोड़ देते हैं। यह घटना कई बार दोहराई जा चुकी है। मूंधड़ा ने इस कृत्य की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह मामला अब सहनशक्ति से बाहर हो चुका है और जल्द ही नापासर पुलिस थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने प्रशासन से भी ऐसे असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करने की अपील की है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है।

### विश्वशांति के लिए 51 पंडित कल करेंगे सवा लाख मंत्रों का जाप

**बीकानेर,( निसं )।** पुष्करणा समाज द्वारा विश्वशांति और सामाजिक एकजुटता का संदेश देने के उद्देश्य से 12 अप्रैल को ओझा सत्संग भवन नत्थूसर गेट के बाहर में विश्वरक्षक भैरव पूजन और रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शहर में अपनी तरह का पहला और विशेष धार्मिक अनुष्ठान माना जा रहा है। कार्यक्रम के तहत सुबह 7 से 11 बजे तक लगातार चार घंटे में 51 विद्वान पंडितों द्वारा सवा लाख मंत्रों का जाप किया जाएगा। इसी दौरान रुद्राभिषेक भी संपन्न होगा। दोनों अनुष्ठानों के पूर्ण होने के बाद दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, सद्भाव और सामूहिक सहभागिता को मजबूत करना है, वहीं विश्वरक्षक भैरव पूजन के माध्यम से विश्वशांति की कामना की जाएगी। गांव-गांव पहुंच रहा न्यौता, व्यापक जनसंपर्क कर भागीदारी बढ़ाने का अभियान जारी डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य के नेतृत्व में शहर के विभिन्न पुष्करणा मोहल्ला में जनसंपर्क कर लोगों को आमंत्रित किया गया।

# समयबद्ध पूर्ण करें कार्य, किसी स्तर पर नहीं हो ढिलाई: जिला कलक्टर

**बीकानेर, ( निसं )।** जिला कलक्टर निशांत जैन ने शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं को समयबद्ध पूर्ण किया जाए। यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने 15 विभागों की 125 से अधिक घोषणाओं की बिंदुवार समीक्षा की और प्रत्येक घोषणा की वर्तमान स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी प्रतिदिन इनकी प्रगति का रिव्यू लें। क्रियान्वयन के लिए माइलस्टोन तय करें तथा इसके अनुसार कार्य करें।

घोषणा एक से अधिक विभागों से संबंधित होने पर सभी संबंधित विभागों में समन्वय हो। कहीं भी पत्रावली बेवजह लंबित नहीं रहे। कार्य पूर्ण होने पर सीएमआईएस पोर्टल पर इसे अपडेट करवाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी अपने विभाग के उच्च अधिकारियों से भी समन्वय रखें।



जिला कलक्टर निशांत जैन ने की बजट घोषणाओं की प्रगति समीक्षा बैठक ली।

जिला कलक्टर ने सड़क निर्माण और दुरूस्तीकरण तथा नालों से जुड़े कार्य मानसून से पूर्व करने के निर्देश दिए। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। उन्होंने प्रत्येक वर्ष की बजट घोषणा में भूमि आवंटन के मामलों की समीक्षा की तथा 24 अप्रैल को राजस्व अधिकारियों की बैठक से पूर्व इन सभी मामलों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि जिला कलक्टर ने गुरुवार को भी वर्ष 2024-25, 2025-26 और 2026-27 की

- जिला कलक्टर ने की बजट घोषणाओं की प्रगति समीक्षा

घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। यह क्रम दूसरे दिन भी जारी रहा।

जिला कलक्टर ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फोर माइंस की स्थापना, अमृत योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की प्रगति, कोटगेट और सांखला फाटक आरयूबी निर्माण प्रगति, कपिल सरोवर के सौंदर्यकरण, आंगनबाड़ी केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण, कोठारी अस्पताल से बाबू लाल फाटक नाला निर्माण, विधानसभा स्तरीय जनसुनवाई केन्द्रों के निर्माण सहित विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की। इस दौरान प्रशिक्षु आइएएस स्वाति शर्मा, अतिरिक्त कलक्टर (प्रशासन) सुरेश कुमार यादव, बीकानेर विकास प्राधिकरण सचिव कुलराज मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### देशनोक मंदिर में विशेष पूजा, कवि सम्मेलन

**बीकानेर,( निसं )।** नगर के स्थापना दिवस पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से 15 से 19 अप्रैल तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों से संबंधित बैठक गुरुवार को अतिरिक्त कलक्टर नगर रमेश देव की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने बताया कि राव बीकाजी संस्थान लक्ष्मीनाथ मंदिर पर्यावरण विकास समिति एवं नगर थरपणा उछब समिति विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

राव बीकाजी संस्थान की ओर से 15 से 17 अप्रैल तक महारानी सुदर्शन कला दीर्घा में एंटीक्स प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 16 अप्रैल को महिला मंडल स्कूल हॉल में शाम 6 बजे लोकगीत परंपरा गायन, 17 अप्रैल को चौपाटी परिसर में शाम 6 बजे त्रिभाषा काव्य संगम, 18 अप्रैल सुबह 11 बजे होटल लक्ष्मी निवास पैलेस में विचार गोष्ठी, 19 अप्रैल सुबह 7 बजे राव बीकाजी प्रतिमा स्थल जूनागढ़ के पास राव बीकाजी प्रतिमा पूजन एवं सम्मान समारोह से राव बीकाजी प्रतिमा स्थल पर मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा।

## मेडिकल स्टूडेंट्स को स्मार्ट लेक्चर बोर्ड टीवी किए भेंट

**बीकानेर.( निसं )।** सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर के 37वें बैच (1995) ने अपने बैच मीट के अवसर पर कॉलेज के बायोकेमिस्ट्री विभाग के लेक्चर थिएटर में एक आधुनिक स्मार्ट टीवी भेंट की है। यह सप्रेम भेंट मेडिकल की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा और डिजिटल युग के अनुरूप शिक्षण व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से दी गई। इस योगदान के पीछे प्राचार्य डॉ सुरेंद्र कुमार वर्मा और अतिरिक्त प्राचार्य डॉ रेखा आचार्य कि प्रेरणा व उनके मार्गदर्शन की प्रमुख भूमिका रही।

- वर्तमान युग में स्मार्ट टीवी से पढ़ाई विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य हो गई है, जिससे भावी चिकित्सकों की शिक्षा गुणवत्ता निश्चित रूप से बेहतर बनेगी

भेंट देने वाले 37वें बैच के सदस्यों में डॉ सुशील फलोदिया, डॉ सुरेंद्र बेनीवाल, डॉ जगदीश चंद्र कूकना तथा




एसपीएमसी 37वें बैच द्वारा मेडिकल स्टूडेंट्स को स्मार्ट लेक्चर बोर्ड टीवी भेंट की।

डॉ आत्माराम छिम्पा उपस्थित रहे। आभार व्यक्त करने वालों में बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र जीनगर, डॉ. एनल महावर, डॉ आर के व्यास, डॉ योगिता सोनी, डॉ मोहम्मद शकील, डॉ अर्जुन शामिल रहे.अतिरिक्त प्राचार्य डॉ रेखा आचार्य ने कहा कि वर्तमान युग में स्मार्ट टीवी से पढ़ाई विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य हो गई है।जिससे भावी चिकित्सकों की शिक्षा गुणवत्ता निश्चित रूप से बेहतर बनेगी।

अतिरिक्त प्राचार्य डॉ नीति शर्मा ने बताया कि स्मार्ट टीवी के माध्यम से लाइव उदाहरण और एआई टूल्स का उपयोग करके बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता में वृद्धि की जा सकती है। बैच मीट के सचिव डॉ सुशील फलोदिया ने कहा कि डिजिटल युग में विद्यार्थियों को अपडेट रहने के लिए स्मार्ट टीवी एक उपयोगी माध्यम साबित होगी।बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र जीनगर ने 37वें बैच के सभी सदस्यों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### साइबर अपराधों से बचाव हेतु कार्यशाला आयोजित

**बीकानेर( निसं )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता हेतु स्थानीय शांति विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय, शीतला गेट, बीकानेर में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रतीक यादव (न्यायिक मजिस्ट्रेट) रहे। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों के प्रति जागरूक करते हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म का सुरक्षित उपयोग करने के उपाय बताए तथा सतर्क रहने का संदेश दिया। कार्यशाला में दिव्यांश मीणा (न्यायिक मजिस्ट्रेट) एवं श्रीनाथ रंगा (असिस्टेंट लीगल एंड डिफेंस काउंसिल) भी उपस्थित रहे, जिन्होंने साइबर अपराध से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने बताया कि विद्यार्थियों की समस्याओं के समाधान हेतु विद्यालयों में शिकायत पेटी की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे छात्र अपनी समस्याएं आसानी से साझा कर सकेंगे। शाला के कब मास्टर एवं संचालक रमेश कुमार मोदी ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों को भी बढ़ावा दिया जाता है।

## डॉ. अंबेडकर जयंती पर आज से 14 तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**बीकानेर, ( निसं )।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेड़कर की विचारधारा से जन सामान्य को अवगत एवं जागरूक करने के उद्देश्य से 11 से 14 अप्रेल तक राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर निशान्त जैन ने विभिन्न अधिकारियों को इन कार्यक्रमों का नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए हैं।

आदेश अनुसार 11 अप्रेल को जिला स्तर पर महात्मा ज्योतिबा फुले की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्पाजंलि दी जाएगी। इस कार्यक्रम का आयोजन राजकीय महाविद्यालय स्तरीय आर्थिक पिछड़ा वर्ग के छात्रावास में किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी पंचायत समिति, बीकानेर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

जिला कलेक्टर के आदेशानुसार 12 अप्रैल को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर संविधान को जाने-ऑन लाइन क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 12 से 14 अप्रेल तक जिले के समस्त महाविद्यालयों व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के छात्रावासों में आयोजित होगी। इस कार्यक्रम के लिए सहायक निदेशक, उच्च शिक्षा विभाग व जिले के समस्त ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार 13 अप्रैल को जिला व ब्लॉक स्तर पर स्वच्छता एवं सामाजिक समरसता, बाबा साहेब के सामाजिक न्याय दर्शन एवं उनके जीवन पर आधारित संगोष्ठी, बाबा साहेब के जीवनवृत पर

- जिला कलेक्टर के आदेशानुसार 12 अप्रैल को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर संविधान को जाने-ऑन लाइन क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा

व्याख्यान के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे एवं छात्रावासों/आवासीय विद्यालयों में बाबा साहेब पर आधारित चलचित्र प्रदर्शन के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के लिए सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक व समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों, सीओ स्काउट एवं गाइड तथा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी श्रृंखला में 14 अप्रैल को जिला एवं ब्लॉक स्तर पर डॉ. अम्बेड़कर जयंती के समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत जिला मुख्यालय के कार्यक्रम का आयोजन अम्बेड़कर सर्किल पर प्रातः 8 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजंलि, संविधान प्रस्तावना का वाचन तथा संविधान की शपथ ली जाएगी। इस कार्यक्रम के लिए नगर निगम के आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुकत निदेशक एवं समस्त ब्लॉक सामाजिक सुरक्षा अधिकारियों तथा सीओ स्काउट एवं गाइड को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने जिले के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को इन कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### शेखसर के सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल में प्रवेशोत्सव

**लूणकरणसर,( निसं )।** उपखंड क्षेत्र के सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल शेखसर में 'स्कूल चले हम' अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान मेधावी स्टूडेंट्स का सम्मान किया गया और बालिकाओं को साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान कानाराम गोदारा, पंचायत प्रशासक सीताराम गोदारा और प्रिंसिपल रेवन्तराम पूनिया ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित लूणकरणसर प्रधान कानाराम गोदारा ने कहा कि लूणकरणसर क्षेत्र के विद्यालयों में संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति और विधायक कोष से अनेक विद्यालयों में आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। प्रधान गोदारा ने यह भी कहा कि मंत्री सुमित गोदारा के निर्देशन में शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी विद्यालयों को पंचायत समिति ने कई आधुनिक सुविधाएं प्रदान की हैं।

## पैरोडी गीत 'काळू गयो कोटगेट, गढ़ गणेश माथो टेक' का पोस्टर विमोचन

**बीकानेर( निसं )।** युवा गायक एवं गीतकार योगेश श्रीमाली के नए पैरोडी गीत 'काळू गयो कोटगेट, गढ़ गणेश माथो टेक' का शुक्रवार को पोस्टर विमोचन किया गया। जिला उद्योग संघ सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने पोस्टर का विमोचन किया।

इस अवसर पर पचीसिया ने कहा कि बीकानेर का स्थापना दिवस पूरे शहर का त्योहार है। इस दिन परंपरागत रूप से पतंगबाजी होती है और आमजन में उल्लास, उत्साह व उमंग का वातावरण रहता है। ऐसे पैरोडी गीत इस उत्सव की भावना को और प्रबल करते हैं तथा बीकानेर की संस्कृति, कला और परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत करते हैं। डॉ. चंद्रशेखर श्रीमाली ने कहा कि युवा प्रतिभाओं को ऐसे मंच मिलना बेहद आवश्यक है, जिससे वे अपनी रचनात्मकता को समाज के सामने ला सकें।जिला उद्योग संघ के सचिव वीरेंद्र किराडू ने कहा कि स्थानीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजनों की निरंतरता जरूरी है।



पैरोडी गीत 'काळू गयो कोटगेट, गढ़ गणेश माथो टेक' का पोस्टर विमोचन जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचिसिया ने किया।

समाजसेवी उमा शंकर आचार्य ने कहा कि यह गीत बीकानेर की परंपराओं का सुंदर चित्रण करता है।

युवा उद्यमी पिंटू राठी ने कहा कि युवाओं में लोक संस्कृति के प्रति रुचि बढ़ाना समय की आवश्यकता है।युवा उद्यमी पवन अग्रवाल ने कहा कि ऐसे प्रयास शहर की पहचान को मजबूत करते हैं।रेपूिका विशेषज्ञ कृष्णकांत व्यास ने कहा कि स्थानीय विषयों पर आधारित रचनाएं लोगों से सीधे जुड़ती हैं।

गायक-गीतकार योगेश श्रीमाली ने बताया कि इस गीत में आखा तीज से जुड़ी परंपराओं को दर्शाया गया है। साथ ही स्थानीय फिल्मांकन के माध्यम से पतंगबाजों और शहर की सांस्कृतिक झलक को प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया कि गीत शनिवार को यू-ट्यूब पर लॉन्च किया जाएगा।

## कल से 11 मई तक होगी नहरबंदी

**बीकानेर, ( निंसं )।** जिले में इंदिरा गांधी नहर परियोजना में वर्तमान में 12 अप्रैल से 11 मई तक पूर्ण नहरबंदी प्रभावी है। जलाशयों में उपलब्ध एकत्र जल मात्रा को मध्यनजर रखते हुए 12 अप्रैल से बीकानेर शहर में एक दिवस छोडकर (48 घंटों से) जल वितरण किया जाएगा।

जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता खेमचंद सिंगारिया ने बताया कि जोनवार, सम व विषम दिनांकों के अनुसार पेयजल वितरण व्यवस्था की गई है। प्रथम जोन क्षेत्र (12 अप्रैल से सभी सम संख्या दिनांक को जलापूर्ति की जाएगी।) जेलवेल टंकी से जुड़ा क्षेत्रः कोटगेट, फड़बाजार (पठान मोहल्ला), जोशीवाड़ा, कसाई बारी, छींपों का मोहल्ला, स्टेशन रोड, गुर्जरो का मोहल्ला, धोबी तलाई, केईएम रोड, भेरूजी गली, मॉडर्न मार्केट का क्षेत्र आदि। सुभाषपुरा, इन्द्रा कॉलोनी, पुलिस आवासीय कॉलोनी, भुट्टों का बास।

**गोगागेट टंकी से जुडा क्षेत्रः** गुर्जरो का मोहल्ला, बान्द्रा बास, शर्मा कॉलोनी क्षेत्र आदि। सेन्ट्रल जेल, बीछवाल, बीछवाल गांव, ट्रांसपोर्ट नगर, चेतक कैम्पस, शुष्क बागवानी कैम्पस, आरएसी तृतीय व दशम पुलिस मोटर क्षेत्र ड्राईविंग स्कूल आदि।

**करणी नगर उच्च जलाशय से जुडे क्षेत्रः** करणी नगर क्षेत्र, गांधी नगर, कैलाशपुरी, समता नगर। नत्थूसर टंकी से जुड़े क्षेत्रः बारह गुवाड़ चौक, साले की होली, मोहता चौक, दम्माणी चौक, बिन्नाणी चौक, डागा चौक, तेलीवाड़ा, चूनगरों का मोहल्ला, सोनगिरी कुआं, पारीक चौक क्षेत्र, जनता प्याऊ, करमीसर क्षेत्र आदि।

## विधि महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना




विधि महाविद्यालय में रानी लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभआरंभ डा.मलिका प्रवीण ने किया।

**बीकानेर,( निसं )।** राजकीय विधि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज प्रातः 11:00 बजे रानी लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं को आत्मरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर भगवान राम बिश्नोई ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में महिलाओं का हर क्षेत्र में सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं आत्मरक्षा के महत्व को समझने के लिए प्रेरित किया। रानी लक्ष्मीबाई प्रशिक्षण केंद्र की नोडल अधिकारी डॉ. मल्लिका परवीन ने बताया कि इस प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से

- कार्यक्रम में छात्राओं को आत्मरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया

छात्राओं को कराटे, बॉक्सिंग, कुश्ती एवं योगा आदि का नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक रूप से मजबूत बनाना है।कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त शैक्षणिक स्टाफ का सराहनीय सहयोग रहा। महाविद्यालय प्रशासन ने इस प्रशिक्षण केंद्र को छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## ज्योतिबा फुले जयंती: कार्यक्रम के पहले दिन सुजानदेसर गोचर भूमि में किया वृक्षारोपण

**बीकानेर( निसं )।**शिक्षा के जनक और महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती के उपलक्ष्य में मूल ओबीसी महासभा द्वारा दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आगाज किया गया है।

आयोजन के पहले दिन आज सुजानदेसर गोचर भूमि में एक विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मूल ओबीसी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मिलन गहलोत ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि महात्मा फुले के विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह दो दिवसीय आयोजन रखा गया है। इसके तहत आज पहले दिन गोचर भूमि में पौधे लगाकर उन्हें सींचने व संरक्षित करने का संकल्प लिया गया।

मूल ओबीसी के अशोक कछावा ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे दिन 11 अप्रैल को बाबा रामदेव जी मंदिर के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में कई महत्वपूर्ण आयोजन होंगे। इसमें आमजन के लिए एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात 'मूल ओबीसी की विचार गोष्ठी' आयोजित होगी और महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी। वृक्षारोपण कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजनों के साथ-साथ महिलाओं की विशेष भागीदारी रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप



ज्योतिबा फुले जयंती कार्यक्रम के पहले दिन सुजानदेसर गोचर भूमि में किया वृक्षारोपण।

- महात्मा फुले के विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह दो दिवसीय आयोजन रखा गया है

से हेमंत कच्छावा, मुरली प्रजापत अशोक कच्छावा, नरसिंह भाटी, संजय सांखला, प्रवीण गहलोत, सांवरलाल कच्छावा, मेघराज गहलोत, मनोज भाटी, अशोक भाटी और मूलचंद सुथार ने अपना योगदान दिया।वहीं मातृशक्ति के रूप में उमा सुथार, सपना तंवर, निकिता, सोहनी देवी प्रजापत, द्रोपती स्वामी, जमुना देवी माली, तारा देवी, संतोष गहलोत, बसंती और सुमन सहित कई अन्य महिलाएं उपस्थित थीं, जिन्होंने स्वयं अपने हाथों से पौधे लगाए।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2026/5270 **सार्वजनिक आपति सूचना** दिनांक : 10.04.2026

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 36 के किला नं. 14,15 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0'' गुणा 63'-0'' फीट के नियमन / पटटा हेतु आवेदक श्रीमती मधु शर्मा पत्नी श्री राकेश शर्मा निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों / रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती मधु शर्मा पत्नी श्री राकेश शर्मा निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 36 के किला नं. 14,15 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0'' गुणा 63'-0'' फीट का नियमन / पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल लूनकरनसर जिला बीकानेर**

email :- nplunkaransar@rajasthan.gov.in

क्रमांकः-नपालू/2026-27/46 दिनांकः- 08.04.2026

**खुली बोली सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगरपालिका लूनकरनसर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु उपयुक्त पंजीकृत एवं अनुभवी फर्मो / संवेदकों से नीचे वर्णित समयानुसार निविदा आमन्त्रित की जाती है। इच्छुक फर्म / संवेदक धरोहर राशि जमा करवाकर निर्धारित तिथी को खुली बोली में भाग ले सकते है। निर्धारित समय में धरोहर राशि कार्यालय में जमा करवाये बिना बोली में भाग नही ले सकेंगें। निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत / स्थगित करने के अधिकार नगरपालिका में निहित है। शेष शर्ते एवं विवरण वैबसाइट www.sppp.rajasthan.gov.in एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में देखी जा सकती है :-

| क्र. सं. | विवरण | धरोहर राशि | खुली बोली प्रारम्भ दिनांक एवं समय | बोली नही होने / सफल / पूर्ण नही होने की स्थिति में आगामी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मृत पशु उठाना एवं हड्डी, चमडा ठेका का कार्य | 12500/- | 15.04.2026 (दोपहर 12.00 बजे से लगातार) | 20.04.2026 |

NIB CODE: DLB2627A0279

राज.संवाद/सी/26/706

अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका लूनकरनसर